एक नजर में

ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर का इन्वर्टर और बैटरी चोरी

सोनकच्छ। जिस जगह पर 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हों और सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती हो फिर भी उस जगह चोरी हो जाए तो आप क्या कहेंगे, इस से बड़ी बात तो यह है कि चोरी होने के बाद भी जवाबदार अधिकारी चोर को पकड़ने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं सोनकच्छ सिविल अस्पताल की जहां पर शासन ने एक लाख रुपए से अधिक मूल्य का ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर ब्लड को सुरक्षित रखने हेतु कुछ दिनों पहले दिया था लेकिन सिविल अस्पताल के बीएमओ सहित अन्य जवाबदार अधिकारी की लापरवाही से उक्त रेफ्रिजरेटर इधर उधर धूल खा रहा है। वहीं पिछले दिनों रेफ्रिजरेटर के साथ आएं इन्वर्टर और बैटरी को अज्ञात चुरा ले गया। इस घटना के एक सप्ताह बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जब कार्रवाई करते हुए अस्पताल में लगे 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग दिखाने के लिए अस्पताल प्रशासन से कहा गया तो अस्पताल के जवाबदार पुलिस को गुमराह करते हुए सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग नहीं दिखा रहे हैं और पुलिस को आज कल,आज कल कर गुमराह कर रहे हैं। इस बात से अस्पताल के जवाबदारों पर शंका की ऊंगली उठ रहीं हैं जो जन चर्चा का विषय बन गया है।

राज्य सरकार के बजट पर हर्ष व्यक्त किया

देवास। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किये गये बजट पर हर्ष व्यक्त किया बजट को किसान कल्याण का बजट बताया सरकार द्वारा बजट को किसान कल्याण वर्ष घोषित करने पर मध्य प्रदेश सरकार का आभार माना है एवं बजट को सभी वर्ग का हितैषी बजट बताया सरकार के बजट पर आभार व्यक्त करने वालों में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू प्रदेश महामंत्री एवं धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य बहादुर सिंह नेताजी जिला अध्यक्ष देवास रामेश्वर धाकड़ पवन नागर बरोठा घनश्याम पटेल बावड़ीखेड़ा सरपंच सुरेंद्र सोलंकी संभागीय अध्यक्ष संभाग इंदौर रामस्वरूप गहलोत जनपद सदस्य उमंग नेमा सिवनी जिला अध्यक्ष पुवं प्रदेश अध्यक्ष रचित चौरसिया जबलपुर राकेश जैन मंदसौर संजय मोदी ओंकारेश्वर चंद्र मोहन शर्मा विदिशा रामसिग दरबार उज्जैन आनंतनारायण शर्मा सीहोर प्रेम नारायण पंचोली नरसिंहगढ़ घनश्याम पाटील धार योगेश पांचाल इंदौर आदि प्रमुख है।

बिलावलिया को दी बधाई किया स्वागत

टोंकखुर्द। टोंकखुर्द विकासखण्ड अंतर्गत देवली संकुल मे पदस्थ राममूर्ति बिलावलिया को राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव एवं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी की अनुशंसा पर बिलावलिया को कार्यकारी जिलाअध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने पर अजाक्स ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सोलंकी,संकुल प्राचार्य कैलाश मालवीय,बी,ए,सी, धर्मेंद्र सेंगर,रामलखन चौहान,जनशिक्षक मोहनसिंह मंडलोई,प्रेमसिंह जसोना, सरपंच जितेंद्र सिंह सेंधव,राजेश देथलिया,लक्ष्मण सिंह सेंधव ने पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी एवं स्वागत किया बधाई देने वालों मे शेखर पटेल,अनिल बिलावलिया,लखन देथलिया,विपिन पटेल,नरेंद्र चौधरी,भारतसिंह गेहलोद सहित सैकड़ो मिलने वालों ने बधाई दी एवं स्वगात किया गया।

आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

सतवास। सतवास के थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुस्लिम समुदाय का इबादत का पर्व रमजान माह प्रारंभ हो चुका है , वही हिंदू समुदाय के पर्व होली ,रंगपंचमी आदि त्योहार आने वाले हैं इसी को लेकर शांति समिति बैठक आयोजित की गई जिसमें थाना प्रभारी के साथ नगर परिषद सीएमओ सतीश घावरी,नायाब तहसीलदार राजाराम कन्नौजे सहित नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार आदि शामिल रहे। थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट ने कहा कि जीतने त्योहार हैं वह शांति सौहार्द के साथ मनाएं जाने के लिए यह शांति समिति के बैठक आयोजित की गई है।

संकल्प से समाधान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बागली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में शासन के आदेश अनुसार संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बैक के निर्देशन में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया ।आयोजीत शिविर में कूल 515 मरीजों का पंजीयन किया गया, अमलतास की टीम से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति दुबे द्वारा 32 हाई रिस्क गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया डॉ. मंगलेश पाटिल नेत्ररोग विशेषज्ञ द्वारा 102 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय बैरागी द्वारा 150 संभावित कैंसर रोगियों की जांच की गई टीम द्वारा 70 मरीजों की सोनोग्राफी , 33 रोगियों की ईसीजी की गई एवं 9 बच्चों की इको मशीन से जांच की गई परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 82 महिलाओं को परामर्श देकर अस्थाई साधन के लिए प्रेरित किया गया एवं 22 रोगियों के रक्त की जांच की गई एवं 35 खॅखार के रोगियों की जांच की गई, आर बी एस के टीम द्वारा 9 बच्चो का मुख्यमंत्री बाल हृदय रोगियों की स्क्रीनिंग की गई एवं अन्य रोगियों की जांच कर उपचार किया गया साथ ही 59 आयुष्मान कार्ड भी बनायें गये ।

पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम आयोजित

देवास। स्थानीय श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 देवास में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में जागरूकता अभियान, सतत जीवन शैली कार्यशाला, एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पर्यावरण के विषय में अतिथि वक्ताओं ने अपने विचार छात्रों के समक्ष व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पर्यावरण विद महेश सोनी प्रधानाध्यापक शासकीय मा वि महाकाल कॉलोनी, सेवानिवृत शिक्षक आदिल पठान सहित संस्था प्राचार्य प्रीति जोशी, अनीता पंड्या उपस्थित रहे। आदिल पठान ने अपने उद्बोधन में छात्रों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी दी और कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। प्रकृति द्वारा जो प्रदत्त है उसका संरक्षण करना बहुत जरूरी है। प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें उसका संरक्षण करें। अनीता पंड्या ने भी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। महेश सोनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और उसके लिए प्रबंधन वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है। स्वच्छता के लिए सभी को जागरूक होना चाहिए हमें अपने आसपास साफ सफाई, स्वच्छता की ओर ध्यान देना चाहिए ।कचरे का सही निपटान करना चाहिए। हमारे चारों ओर जो पेड़ पौधे हैं उनकी देखरेख उनका संरक्षण करने के लिए हमें संकल्पित होना चाहिए।

अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गैंग के 3 लोग ओडिशा-सूरत से गिरफ्तार

40 दिन की जांच के बाद 6 .45 लाख का माल जब्त

देवास। पुलिस ने महिलाओं के मंगलसूत्र और सोने की चेन लूटने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से लगभग 6 लाख 45 हजार रुपए का सामान जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह ने देवास में दो चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दिया था, साथ ही रतलाम में भी एक वारदात की थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने लंबी दूरी तय की। एक आरोपी को ओडिशा के गंजाम जिले से करीब 1300 किलोमीटर दूर से, जबकि दो अन्य को गुजरात के सूरत से लगभग 500 किलोमीटर दूर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 सोने की चेन, एक सोने का पेंडेंट, 2 मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 6.45 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने देवास और रतलाम के अलावा इंदौर और उज्जैन में भी वारदात करने का प्रयास किया था।

फिलहाल,गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान धवल कुमार , कालू चरण बधई और रेखाबाई के रूप में हुई है। धवल कुमार परोस पर 24, कालू चरण बधई पर 7 और रेखाबाई पर विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के थानों में दर्ज हैं।

यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय अंतरराज्यीय स्तर पर काम कर रहा था और इसके सदस्यों का आपराधिक रिकॉर्ड काफी विस्तृत है।

50 से ज्यादा लूट की वारदातें

पुलिस पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने देश के विभिन्न राज्यों में 50 से अधिक लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। इन वारदातों का खुलासा करने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम चलाया। इसके तहत 40 पुलिसकर्मियों की चार टीमों ने लगातार 40 दिनों तक 800 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

जिला माहेश्वरी महिला संगठन के निर्वाचन संपन्न

देवास। देवास जिला माहेश्वरी महिला संगठन के अध्यक्ष ,सचिव सहित उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रचार मंत्री पद के निर्वाचन (सत्र 2026-29) शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुए। यह निर्वाचन इंदौर से पधारी पर्यवेक्षिका पश्चिमी प्रादेशिक प्रदेश संगठन मंत्री प्रमिला भूतड़ा एवं बागली से पधारी चुनाव अधिकारी राजकुमारी ईनाणी (पूर्व जिला अध्यक्ष)एवं इंदौर से पधारी सरोज सोमानी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष ऋतु तापडिया लोहारदा, सचिव मनीषा लाठी सोनकच्छ, कोषाध्यक्ष रचना झंवर देवास, संगठन मंत्री शीतल नागौरी कांटाफोड, प्रचार मंत्री ज्योति तापड़िया कन्नौद, उपाध्यक्ष संध्या जाजू भौरासा, ललिता तापड़िया लोहारदा, जयश्री होलानी कांटाफोड, संतोष हुरकट कन्नौद, सह सचिव शशि मानधना कमलापुर, सीमा लाहोटी सतवास, सांस्कृतिक सचिव मीनाक्षी झंवर देवास, हर्षिता सोमानी कांटाफोड चुनी गई ।निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान देवास जिला की सभी नगर इकाइयों सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र की महिला शक्ति की भागीदारी रही, निर्वाचन के दौरान जिले की पूर्व पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही ।उक्त जानकारी जिला प्रचार मंत्री प्रमिला गट्टानी ने देते हुए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

शांति सुरक्षा हेतु पुलिस एवं प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

भौरासा। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद,व सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे के निर्देशानुसार आगामी होली, रंग पंचमी, रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु भौंरासा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। उक्त फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का भय उत्पन्न करना था, फ्लैग मार्च में नवागत भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा यह फ्लैग मार्च एमजी रोड से पूरे नगर में होते हुए थाना परिसर पर समाप्त हुआ।

खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास व रामनगर की नाली में पसरी गंदगी

जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण शहर में कई जगह पसरी गंदगी

देवास। एमजी रोड स्थित खेड़ापति मंदिर पर सैकड़ो लोग प्रतिदिन खेड़ापति हनुमान जी के दर्शन को आते हैं। लेकिन विडंबना है कि ऐसे धार्मिक स्थलों पर भी गंदगी पसरी पड़ी हुई है। लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ स्वच्छता में नंबर वन का तमगा लगाए घूम रहे हैं। ऐसे अधिकारी स्वच्छता में देवस शहर को मिले अवार्ड को कलंकित कर रहे हैं। खेड़ापति हनुमान मंदिर एमजी रोड, रामनगर नाली में गंदगी की तस्वीर साफ देखी जा सकती है। कि क्या हाल है शहर के। अमूमन शहर में कई जगह इस तरह की तस्वीर दिखाई देती है। निगम के जिम्मेदार अफसरों के संज्ञान में होने के बावजूद अंजान बने हुए हैं। जो कि शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड हैं। जिससे नागरिकों में आक्रोश है, कि धार्मिक स्थलों पर जहां सैकड़ो लोग प्रतिदिन दर्शन को आते हैं। ऐसे स्थान पर भी गंदगी पसरी पड़ी रहती है। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। खेड़ापति मंदिर पर व्याप्त गंदगी समस्या का आज तक स्थाई निराकरण नहीं हो पाया है। रामनगर चौराहे पर नालियां खुली पड़ी है। इस नाली में अब तक कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। विडंबना है कि जिस शहर को कुछ दिनों पहले स्वच्छता का अवार्ड मिला है। जबकि शहर के हाल बेहाल है। कई जगह गंदगी पसरी पड़ी है। एमजी रोड खेड़ापति हनुमान मंदिर व रामनगर की नाली की तस्वीर बयां कर रही है की क्या हाल है शहर के। बीमारियां भी फैलने का लोगों में अंदेशा बना हुआ है। नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिल सिंह बेस, विनोद सिंह गौड़, सुनील सिंह ठाकुर,, विजय सिंह तंवर, सतनारायण यादव, सुभाष वर्मा, तकिउद्दीन काजी, सुरेश रायकवार, उमेश राय, अनूप दुबे ने नगर निगम कमिश्नर से शीघ्र ही समस्या के निराकरण करने की मांग की है।

वाहन चोर गिरफ्तार, 4 मोटरसाइकिल जब्त, सीहोर से भी चोरी का खुलासा

देवास। पुलिस ने वाहन चोरी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं, जिनमें से एक देवास से चोरी हुई थी और तीन सीहोर जिले से चुराई गई थीं। यह कार्रवाई 28 जनवरी, 2026 को अशफाक खान (41) निवासी लक्ष्मी बाई मार्ग, देवास की रिपोर्ट के बाद हुई। अशफाक खान ने नाहर दरवाजा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 जनवरी, 2026 को उनकी काले रंग की 150 सीसी पल्सर मोटरसाइकिल (वाहन क्रमांक एमपी37एमएस8091 शालीमार कलेक्शन सुपर मार्केट के सामने से चोरी हो गई थी। इस पर थाना नाहर दरवाजा में अपराध क्रमांक 18/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित सोलंकी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें आरोपी घटना को अंजाम देकर भागता हुआ कैद हुआ था। सीसीटीवी फुटेज और विश्वसनीय मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी ध्रुप उर्फ दुर्प चौहान (18) निवासी ग्राम कंजर डेरा ओढ, थाना सोनकच्छ, जिला देवास को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अशफाक खान की चोरी हुई मोटरसाइकिल के अलावा सीहोर जिले से चुराई गई तीन अन्य मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। जब्त की गई मोटरसाइकिलों में एक नीले रंग की बजाज पल्सर 150 सीसी (कीमत ?40,000), अशफाक खान की काले रंग की बजाज पल्सर 150 सीसी (एमपी 37 एमएस 8091, कीमत 45,000रू), एक अन्य काले रंग की बजाज पल्सर 150 सीसी (नंबर प्लेट, इंजन और चेचिस नंबर घिसे हुए, कीमत लगभग 40,000रू) और एक लाल रंग की हीरो एचएफ डीलक्स (नंबर प्लेट, इंजन और चेचिस नंबर घिसे हुए, कीमत लगभग 30,000 रू) शामिल हैं। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

तीन सरकारी स्कूलों के बच्चों को आर ओ की सौगात

देवास । अपने सामाजिक दायित्वों के तहत जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों को शुद्ध पानी उपलब्ध करवाने के लिये मफतलाल समूह के नवीन फ्लोरिन उद्योग द्वारा सामाजिक संस्था एक्ट ईव फाउंडेशन की पहल और समन्वय से जिले के तीन स्कूलों को आरओ भेंट किये है जिससे चार सौ से अधिक बच्चों को अब आर ओ का शुद्ध पानी मिलेगा ।

नवीन फ्लोरिन के अतुल मौर्य तथा एक्ट ईव फाउंडेशन के मोहन वर्मा ने बताया कि ये आर ओ ग्राम खरपड़ी, बैरागढ तथा टोंक कला के माध्यमिक स्कूलों में भेंट किये गये ।

कार्यक्रम में अतिथि रूप में नवीन फ्लोरिन के संजय सिंह एच आर हेड,शशिकांत पंवार, डॉ.अनंता शिंदे,रोटरी क्लब सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कार्पेटर, संकुल प्राचार्य नीता शर्मा उपस्थित थे । खरपड़ी में प्राचार्य खुर्शीद आलम खान ने बैरागढ में लोधी सर ने तथा टोंक कला में श्रीमती हँसा चौधरी ने अतिथियों का स्वागत तथा संचालन किया और नवीन फ्लोरिन उद्योग तथा एक्ट ईव फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

छत्रपति शिवाजी की जयंती पर निकली वाहन रैली

देवास। श्री क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के उपलक्ष्य में 19 फरवरी को शहर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान पूरा शहर जय शिवाजी, जय भवानी के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। युवा वर्ग और सर्वसमाजजन भारी उत्साह और श्रद्धा के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए। समन्वयक अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात 10 बजे समाज भवन से वाहन रैली का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का काफिला शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अनुशासित रूप से आगे बढ़ा। भगवा ध्वज लहराते युवाओं ने पारंपरिक परिधान—दुपट्टा और पगड़ी—धारण कर मराठा शौर्य और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। रैली का समापन भोपाल चौराहा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर हुआ, जहां महाराज श्रीमंत विक्रमसिंह पवार द्वारा विधिवत माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायक के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के सचिव राजेन्द्र लाड़ एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष शिंदे ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए शिवाजी महाराज के जीवन, पराक्रम और सुशासन की प्रेरणादायी गाथाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से छत्रपति के आदर्शों—साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति—को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रकाश देशमुख, राजेन्द्र खानविलकर, नरेन्द्र पिशाल, अमितराव पवार, हिन्दू सिंह दरबार, संजय शुक्ला, समरजीत जाधव, विनोद वारे, माधवराव दमदरे, गजानंद देशमुख, श्यामराव बोराडे, मनोज पवार, मधुकर राव, रमन देशमुख सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाजजन उपस्थित रहे। आयोजन ने शहर में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश दिया।

एक नजर चार्ज जनगणना अधिकारियों ने सीखी कार्यप्रणाली, दायित्वों की दी गई जानकारी

नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

देवास। जनगणना कार्य में नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को कलेक्टर कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन की उपस्थिति में दिया गया। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण दो दिवसीय दो रहेगा। जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश के उपसंचालक राजेश मौर्य एवं सुश्री सोनिका गर्ग द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा चार्ज जनगणना अधिकारियों को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में जनगणना के दौरान डेटा संग्रह और उसके जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में आंकड़ा संग्रहण करने, घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों को मोबाइल एप के उपयोग, मकान सूचीकरण, एचएलबी का लेआउट तैयार करना, एचएलओ एप के माध्यम से डाटा एकत्रित करना सहित पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने जैसे घटकों की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण में बताया कि जनगणना कार्य का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के रूप में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस किया जाएगा। यह कार्य पूर्णत: एचएलओ एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा।

प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, एप का उपयोग एवं संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से समझाए गए। इस दौरान बताया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, धारित परिसंपत्ति तथा अन्य संबंधित जानकारी शामिल है। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी/ प्रशिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।